

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

काव्य क्लासेज
कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF
BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक Ist ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.
## MCQ QUESTIONS
## 8 September 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 8 सितंबर का इतिहास

- **1320 :** गाजी मलिक दिल्ली का सुल्तान बना।
- **1942 :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बम्बई (मुंबई) सत्र में भारत छोड़ा प्रस्ताव पारित किया।
- **1899 :** ए.टी.मार्शल ने रेफ्रीजरेटर का पेटेंट करवाया।
- **2006 :** महाराष्ट्र के नासिक जिले में मालेगांव बम धमाके हुए।
- **1966 :** लोगों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करने के लिए यूनेस्को ने साक्षरता दिवस मनाने की शुरूआत की।
- **1962 :** चीन ने भारत की पूर्वी सीमा में घुसपैठ किया।

## 8 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारतीय मूल के लक्ष्मण नरसिम्हन को कॉफी कंपनी स्टारबक्स का अगला मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया गया है। अभी वे ब्रिटेन की स्वास्थ्य एवं पोषण कंपनी रेकिट बेनकिसर के सीईओ हैं। स्टारबक्स ने घोषणा की कि 55 वर्षीय नरसिम्हन कंपनी के अगले सीईओ होंगे और वह स्टारबक्स के निदेशक मंडल के सदस्य भी होंगे।
- रेमन मैग्सेस पुरस्कार 2022 की घोषणा कर दी गई है। इस साल का रेमन मैग्सेस पुरस्कार कंबोडियाई मनोचिकित्सक सोथियारा छिम और जापानी नेत्र रोग विशेषज्ञ तदाशी हतोरी, फिलीपीन के बाल रोग विशेषज्ञ बर्नाडेट, मैड्रिड ओर फ्रांसीसी पर्यावरण कार्यकर्ता गैरी बेनचेघि को दिया जाएगा।
- अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने कहा कि उसने देश भर में डिजिटल रचनात्मकता कौशल में तेजी लाने के लिए एडोब के साथ एक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एक बयान के अनुसार समझौते के तहत, एडोब आज की डिजिटल फर्स्ट दुनिया में फलने-फूलने के लिए आवश्यक रचनात्मक और डिजिटल साक्षरता कौशल वाले छात्रों को तैयार करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए पाठ्यक्रम में डिजिटल रचनात्मकता को एकीकृत करेगा।
- आवास, शहरी मामलों और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने स्मार्ट समाधान चुनौती और समावेशी शहर पुरस्कार 2022 प्रस्तुत किए। ये पुरस्कार भारत में शहरी मामलों के राष्ट्रीय संस्थान और संयुक्त राष्ट्र की एक पहल है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स ओर संयुक्त राष्ट्र ने भारत में दिव्यांगों, महिलाओं, लड़कियों और बुजुर्गों के सामने आने वाली शहरी स्तर पर सुलभता तथा समावेशन से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए इन पुरस्कारों की शुरूआत की है।
- अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 3.5 प्रतिशत बढ़ा है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों से मिली है। सालाना आधार पर अखिल भारतीय एचपीआई पहली तिमाही में 1.8 प्रतिशत बढा। एक साल पहले इसी तिमाही में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी।
- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य सरकार की आजीविका एवं आय संवर्धन योजना के तहत 41.85 लाख किसानों को 869 करोड़ रूपये वितरित किये।
- भारत के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी बाईचुंग भूटिया को हराकर कल्याण चौबे एआईएफए के नए अध्यक्ष बने हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंध के 85 साल के इतिहास में पहली बार किसी पूर्व खिलाड़ी को अध्यक्ष चुना गया है।
- कनाडा के मरखम शहर में एक सड़क का नाम विश्व विख्यात संगीतकार एआर रहमान के नाम पर खा गया है, जिसके बाद भारतीय गायक ने कहा कि वह अब कड़ी मेहनत करते हरने तथा लोगों को प्रेरित करने की अधिक जिम्मेदारी महसूस करते हैं। भारतीय फिल्म उद्योग में इस महीने तीन दशकों का सफर पूरा करने वाले रहमान ने कनाडा के ओंटारियों में मरखम के प्राधिकारियों के प्रति ट्विटर पर आभार व्यक्त कया है। मरखम शहर ने एलान किया है कि रहमान के सम्मान में एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा जाएगा।
- अपेक्षा फर्नांडीस विश्व जूनियर तैराकी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई है।
- मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने 2022 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाकर 7.7 फीसदी कर दिया और कहा कि बढ़ती ब्याज दरें, असमान मानसून और धीमी वैश्विक वृद्धि आर्थिक गति को क्रमिक आधार पर कम करेंगे। इससे पहले मई में मूडीज ने 2022 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 8.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। अर्थव्यवस्था 2021 में 8.3 फीसदी की दर से बढ़ती थी, इससे पहले 2020 में कोरोना वायरस के कारण यह 6.7 फीसदी रही थी।
- बल्ब ड्रग पार्को को बढ़ावा देने की योजना के तहत औषध विभाग ने हिमाचल प्रदेश, गुजरात ओर आंध्र प्रदेश में तीन बल्क ड्रग पार्क स्थापित करने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दी है। सरकार इन राज्यों को बल्क ड्रग पार्क स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। इसका मुख्य उद्देश्य थोक दवाओं के निर्माण की लागत को कम करना है।


डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस (International Literacy Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 8 सितंबर (B) 9 सितंबर
(C) 10 सितंबर (D) 11 सितंबर

**(A)** हर साल 8 सितंबर को विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। यह दिन व्यक्तियों, समुदायों और समाजों के लिए साक्षरता के महत्व और अधिक साक्षर समाजों के लिए गहन प्रयासों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष 56वां अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जा रहा है।




**2. विश्व भौतिक चिकित्सा दिवस (World Physical Therapy Day) प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 5 सितंबर (B) 7 सितंबर
(C) 8 सितंबर (D) 10 सितंबर

**(C)** हर साल 8 सितंबर को विश्व भौतिक चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। शारीरिक स्वास्थ्य हमारे जीवन का एक प्रमुख हिस्सा है। विश्व भौतिक चिकित्सा दिवस की शुरूआत 8 सितंबर 1951 में हुई थी। विश्व भौतिक चिकित्सा परिसंघ द्वारा विश्व भौतिक परिषद दिवसव को मनाने की औपचारिक घोषणा 8 सितंबर 1996 को की गई थी। इसके बाद हर साल 8 सितंबर को यह दिवस मनाया जाता है।




**3. विश्व जूनियर तैराकी के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन बनी?**

(A) मनीषा आहूजा (B) अपेक्षा फर्नाडीस
(C) सोनिका वर्मा (D) पूनम कुमारी

**(B)** अपेक्षा फर्नाडीस पेरू के लीमा में चल रही विश्व जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में महिलाओं की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के फाइनल में आठवें स्थान पर रहीं। इस 17 वर्षीय भारतीय तैराक ने फाइनल में दो मिनट 19.14 सेकंड का समय निकाला और वह आठ तैराकों में अंतिम स्थान पर रहीं।



**4. रिलायंस रिटेल ने अपने एक्टिव वियर परिधान ब्रांड 'परफॉर्मेक्स' के लिए किसे ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया है ?**

(A) जसप्रीत बुमराह (B) हार्दिक पांडया
(C) हार्डी संधु (D) राहुल द्रविड

**(A)** रिलायंस रिटेल ने जसप्रीत बुमराह को अपने एक्टिव वियर परिधा ब्रांड परफॉर्मेक्स के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया। परफॉर्मेक्स एक्टिववियर मर्चेंडाइज में रिलायंस रिटेल का अपना ब्रांड है। स्पोर्ट्स ब्रांड प्यूमा इंडिया ने भारतीय गायक हार्डी संधु को अपना ब्रांड एंबेसडर नामित किया।




**5. अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर कितना बढ़ा ?**

(A) 2.5 प्रतिशत (B) 3.5 प्रतिशत
(C) 4.5 प्रतिशत (D) 5.6 प्रतिशत

**(B)** यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों से मिली है। सालाना आधार पर अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक पहली तिमाही में 1.8 प्रतिशत बढ़ा। एक साल पहले इसी तिमाही में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। शहरों के अनुसार देखा जाए तो कोलकाता में HPI में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

**6. हाल ही में कोच्चि में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में नए नौसेना पताका निशान का अनावरण किसके द्वारा किया गया ?**

(A) नरेंद्र मोदी (B) अमित शाह
(C) एस.जयशंकर (D) रामनाथ कोविंद

**(A)** हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोच्चि में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में नए नौसेना पताका निशान का अनावरण किया। यह अनावरण उन्होंने स्वदेशी विमानवाहक पोत INS विक्रांत की कमीशनिंग के दौरान किया। प्रधानमंत्री ने इस परिवर्तन को औपनिवेशिक अतीत को दूर कर समृद्ध भारतीय समुद्री विरासत के अनुरूप बताया है।



**7. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के नए अध्यक्ष कौन बने ?**

(A) सुनील थापा (B) बाईचुंग भुटिया
(C) कल्याण चौबे (D) गणेश वर्मन

**(C)** भारत के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी बाईचुंग भूटिया को हराकर कल्याण चौबे एआईएफए के नए अध्यक्ष बने हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ 85 साल के इतिहास में पहली बार किसी पूर्व खिलाड़ी को अध्यक्ष चुना गया है। कल्याण चौबे मोहन बागान और ईस्ट इंडिया बंगाल के पूर्व गोलकीपर है। चौबे ने बाईचुंग भूटिया को 33-1 के अंतर से हराया।




**8. हाल ही में किस संस्था ने अपनी रिपोर्ट में भारत में कोरोना महामारी के दौरान किए गए कामकाज की तारीफ की है ?**

(A) विश्व बैंक (B) UN
(C) WHO (D) NASCOM


**(A)** हाल ही में विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में भारत में कोरोना महामारी के दौरान किए गए कामकाज की तारीफ की है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत ने जल्द ही जरूरी चीजों के निर्यात पर लगाम लगाकर अच्छा किया था। साथ ही सरकारी खरीद के लिए केंद्रीय व्यवस्था बनाई गई और बेहतरीन तरीके से मास्क जैसी जरूरी चीजों के उत्पाद की तकनीकी बारीकी बताई गई। इससे इन सामानों का देश में ही बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू हो गया।



**9. नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (NDPS) अधिनियम को किस वर्ष अधिनियमित किया गया था ?**

(A) 1984 (B) 1985
(C) 1986 (D) 1988

**(B)** नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सेटंस अधिनियम को वर्ष 1985 में अधिनियमित किया गया था। यह देश में ड्रग्स और उनकी तस्करी को विनियमित करने के लिए एक प्रमुख कानून है। हाल ही में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा कि NDPS अधिनियम में भांग को प्रतिबंधित नही किया गया है।




**10. भीतरकनिका राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है ?**

(A) आंध्रप्रदेश (B) असम
(C) ओडिशा (D) पश्चिम बंगाल

**(C)** भीरतकनिका राष्ट्रीय उद्यान में इस साल रिकॉर्ड 3700 खारे पानी के मगरमच्छ के बच्चों ने जन्म लिया। यह संख्या पिछले साल की तुलना में 50% अधिक है। यह राष्ट्रीय उद्यान ओडिशा राज्य में स्थित है। खाने पानी के मगरमच्छ विशाल जीव है और दुनिया के सबसे बड़े जीवित सरीसृप है।

